हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024




# एनसीसी दिवस: कैडेटों ने देशभक्ति के साथ दिया अनुशासन का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

76वें एनसीसी दिवस के अवसर पर शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत किए गए सेक्शन अटैक को देखने लोगों की भीड़ जमा रही। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। वहीं अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के बाद कैडेटों ने एकता अनुशासन के साथ कदम ताल करते आकर्षक मार्चपास्ट कर ध्वज को सलामी दी। इस दौरान कैडेटों को एनसीसी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति का संदेश वाचन किया गया।

**पुलिस अधीक्षक ने कैडेटों को किया संबोधित**

76वें एनसीसी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कैडेटों को संबोधित करते कहा कि एनसीसी की ट्रेनिंग हमें एक अच्छा नागरिक बनाती है। एनसीसी के कैडेट आर्मी, नेवी, एयरफोर्स सभी जगह अच्छे पदों पर पहुंचे हैं। एनसीसी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट के बीच निबंध, रंगोली, फास्ट ड्रेस पहनों प्रतियोगिता, बांटी-चम्मच दौड़, स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया।

### भारतमाता की जयघोष से गूंजा आयोजन स्थल

एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेटों द्वारा छद्म युद्ध प्रस्तुत किया गया। इस दौरान धमाकों और गोलीबारी के साथ दुश्मनों पर अटैक किया। युद्ध के प्रदर्शन में दुश्मनों को जाबांज सिपाहियों ने धूल चटा दी और दुश्मन देश के साथ युद्ध में भारतीय जवानों ने विजय प्राप्त किया। इस दौरान स्टेट स्कूल का मैदान भारत मां के जयकारे से गूंजने लगा।

### निबंध लिखो, रंगोली सहित फास्ट ड्रेस पहनों एवं स्लो साइकिल जैसे आयोजन भी





### पुरस्कार वितरण भी

कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा हनुमान चालीसा पर धार्मिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा आयोजन के विभिन्न प्रतियोगिताओं, मार्चपास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनसीसी से जुड़े पदाधिकारी, कैडेट और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने आज अंतिम दिन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन नामावली तैयार करने जारी कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावली निरीक्षण कराने तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व काटने वार्डों में निर्धारित स्थल पर 25 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे तक दावा-अपत्ति आमंत्रित किया गया है।

जिसके लिए अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसी प्रकार वार्डों का परिसीमन कर दावा-अपत्ति उपरांत अंतिम प्रकाशन किया गया है।

### लोकार्पण आज

**राजनांदगांव।** ग्राम पदुमतरा में विकास कामों का भूमिपूजन और लोकार्पण का कार्यक्रम कल 25 नवंबर को आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, अशोक देवांगन सभापति जिला पंचायत, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश द्विवेदी समाजसेवी, रतन यादव के आतिथ्य में संपन्न होगा। उक्त जानकारी सरपंच ललिता मोहन साहू ने दी।

### 70 लाख बारदाने की डिमांड, अब तक मिले दस लाख ही बारदाने

# संकट से निपटने की कवायद, अब किसान लाएंगे बारदाना, बदले में मिलेंगे 25 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राईस मिलर्स के असहयोग आंदोलन की वजह से जहां परिवहन व्यवस्था प्रभावित है। वहीं बारदाने का संकट भी अब दिखने लगा है। हालत यह है कि अधिकांश जिलों में खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाने सोसायटियों में नहीं है। ऐसे में अब सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए किसानों को ही बारदाने लाने की सुविधा दे दी है। किसानों द्वारा लाए जाने वाले बारदाने के लिए प्रति नग 25 रुपए का भुगतान भी किया जाएगा।

इधर जिले में दो दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्र ऐसे हैं, जहां बफर लिमिट के करीब खरीदी होने से जाम के हालत निर्मित होने लगे हैं। इस सप्ताह परिवहन शुरू नहीं हुआ तो खरीदी अटक सकती है। हालांकि प्रशासनिक अफसर दावा कर रहे हैं कि अभी स्थिति सामान्य है और बारदाने से लेकर खरीदी प्रक्रिया में कोई प्रभाव नहीं दिखेगा। इधर राईस मिलर्स भी अपनी मांग पूरा नहीं होने तक परिवहन में सहयोग करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि धान खरीदी की प्रक्रिया को शुरू हुए लगभग दो सप्ताह पूरा होने के बाद भी अब तक धान उठाव शुरू नहीं हो पाया है। समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार इस सप्ताह खरीदी में अधिक दिक्कतें नहीं आएगी, लेकिन यदि अगले 3 से 4 दिन में उठाव शुरू नहीं हुआ तो खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

### खास बातें

- 50% पुराने व 50% नए बारदाने में हो रही तैयारी
- मिलर्स, पीडीएस से भी हो रही बारदाना की व्यवस्था, जिले में पर्याप्त स्टॉक!



### 31 जनवरी तक चलेगी खरीदी

जिले सहित प्रदेशभर में सरकारी धान खरीदी 31 जनवरी तक चलने वाली है। ऐसे में आने वाले दिनो में बारदाना की जरूरत पड़ेगी, जिसको देखते हुए तैयारियों में भी प्रशासन जुट गया है।

### 13 लाख क्विं खरीदी पूरी

अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक लगभग 13 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इनमें राजनांदगांव जिले में 7.80 लाख क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 4.22 लाख एवं मोहला-मानपुर जिले में 1.02 लाख क्विंटल खरीदी पूरी कर ली गई है। जबकि राजनांदगांव जिले में 77 लाख क्विंटल।

### 16 हजार गठान की डिमांड

जिले में इस बार करीबन 77 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है। इसके लिए लगभग 70 लाख बारदाना की जरूरत होगी, यानि लगभग 16 हजार गठान बारदान की। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक साढ़े 13 हजार बारदानों का सत्यापन कर लिया गया है। वहीं ढाई हजार गठान बारदाने उपार्जन केंद्रों तक पहुंचा दिए गए हैं। वहीं सूत्रों की माने तो अब तक लगभग दस लाख बारदाने ही मिलर्स से मिले हैं। जबकि आने वाले दिनों में बारदाने को लेकर दिक्कतें देखने को मिल सकती है। ज्ञात हो कि एक बारदाने में 40 किलो चावल खरीदा जाता है।

### इन कारणों से मिलर्स खफा

*मिली जानकारी के अनुसार राईस मिलर्स इस साल कस्टम मिलिंग की राशि को घटाकर 120 से 60 रुपए किए जाने से नाराज हैं। पूर्व बकाया का भी भुगतान करने की मांग रखी गई है। इसके अलावा नई पॉलिसी में समय पर चावल जमा नहीं करने पर भी पेनाल्टी का प्रावधान है। जबकि मिलर्स का कहना है कि शासन के पास चावल जमा करने का स्पेस एकदम न्यूनतम रहता है। धान व चावल परिवहन की राशि को भी एसएलसी दर पर नहीं दिया जा रहा है।*

### ग्रामीणों ने शव को रखकर किया हंगामा

# प्रेम-प्रसंग के मामले में विवाद, युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल्हेवारा क्षेत्र के ग्राम खादी में बीती रात दो युवकों में जमकर विवाद हुआ, जिस पर आरोपी ने कुदाली एवं कैची से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक साल्हेवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खादी के दैहान में बीती शाम लगभग 6-7 बजे उक्त गांव के ही युवक धीरज यादव 20 वर्ष एवं सीताराम पटेल उम्र लगभग 20 वर्ष के बीच विवाद हो गया। प्रेम-प्रसंग के मामले के चलते उक्त विवाद इतना गहराया कि आरोपी सीताराम पटेल ने धीरज यादव से मारपीट करते कुदाली एवं कैची से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना में धीरज यादव की मौत हो गई। घटना की खबर ग्रामीणों को मिलने पर गांव में सनसनी फैल गई थी। वहीं ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इधर उक्त घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई हेतु मौके पर पहुंची तो यहां एकत्र ग्रामीण युवक के शव को लेकर प्रदर्शन करने लगे और आरोपी पर कार्रवाई करने हंगामा करने लगे। बताया गया कि मौके पर पुलिस के अधिकारी भी पहुंचे, जिन्होंने ग्रामीणों को समझाईश दी, तब कहीं कुछ देर बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने शव को चिकित्सालय पहुंचाया। साल्हेवारा पुलिस के अनुसार ऐसी जानकारी मिली है कि उक्त घटनाक्रम प्रेम-प्रसंग के चलते हुआ है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सीताराम पटेल के खिलाफ कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




सार्वजिनक स्थान पर हंगामा व हुडदंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र में अदातन अपराधी एवं आसमाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 23 नवंबर को अनावेदकगण आमीर खान उर्फ स्टीफ 23 वर्ष साकिन डबरीपारा कुंआ चौक और वासुदेव बैरागी 22 वर्ष साकिन राजीव नगर लखोली द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हो-हल्ला कर हुड़दंग करते पाए जाने पर अनावेदकों के विरुद्ध मौके पर धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई कर माननीय कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी आदतन अपराधी एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## बीमारी दूर करने के नाम पर महिला से की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

बीमारी दूर करने के नाम पर महिला से छेड़छाड़ करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वृद्ध के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 नवंबर को पीड़ित महिला अपने पति व पुत्र के साथ मंदिर में पूजा करने गई थी। पीड़ित महिला हाथ-पैर दर्द से परेशान थी। आरोपी द्वारा महिला से पूजा-पाठ कर बीमारी दूर करने की बात कहने पर महिला अपने पति व अपने पुत्र के साथ पूजा-पाठ करने मंदिर आई थी। पूजा पाठ करते-करते रात्रि होने से तीनों वही मंदिर के कुटिया में रूके थे।

इस दौरान आरोपी द्वारा सोये हुए पीड़िता के साथ छेड़छाड़ किया गया। महिला द्वारा विरोध किया एवं आवाज देकर अपने पति को उठाकर घटना के बारे में बताई। 23 नवंबर को पीड़िता द्वारा थाना में लिखित आवेदन पत्र दिया, जिस पर थाना घुमका द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार घुमका पुलिस द्वारा आरोपी टुमनलाल पाल 61 वर्ष निवासी ग्राम पटेवा को 24 नवंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया। बाद में आरोपी को जेल भेजा गया।



# हेरफेर! सैकड़ों मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में जुड़ने से पार्षदों में मचा हड़कंप, लगाई आपत्तियां

### 28 नवंबर तक दावा-आपत्ति का निराकरण, फिर अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में इन दिनों निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। आने वाले दिनों में कभी भी चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की जा सकती है। ऐसे में पार्षद बनने का सपना देख रहे जनप्रतिनिधि अपनी जमीन मजबूत करने में जुट गए हैं। इस बीच मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन में ढ़ेरों खामियां देखने को मिल रही है।



शहर में ही दर्जनभर से अधिक वार्डों में सैकड़ों मतदाताओं का नाम दूसरे इलाकों में जुड़ जाने की शिकायत सामने आ रही है। अपने वार्ड के मतदाताओं का नाम दूसरे वार्ड में जुड़ने से पार्षदों में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में पार्षद सुधार के लिए आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। हालांकि अंतिम प्रकाशन से पहले इसमें संशोधन संभव है।

उल्लेखनीय है कि शहर सरकार का पांच साल का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है। जनवरी के पहले सप्ताह तक कार्यकाल पूरा हो जाएगा। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि दिसंबर अंत या जनवरी के शुरूआती दिनों में निकाय चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू की जा सकती है। इसी को ध्यान में रखते पार्षद पद के दावेदार जनसंपर्क भी तेज कर दिया है।

**आज दावा-आपत्ति की अंतिम मोहलत :** निर्वाचन नामावली तैयार करने जारी कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावली निरीक्षण कराने तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व काटने वार्डों में निर्धारित स्थल पर कल 25 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक दावा-अपत्ति आमंत्रित की गई है। जिसके लिए अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसी प्रकार वार्डों का परिसीमन कर दावा-अपत्ति उपरांत अंतिम प्रकाशन किया गया है।

### इन वार्डों में शिकायत

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 26 सुभाष वार्ड, वार्ड क्रमांक 27 तिलक वार्ड, वार्ड क्रमांक 37 ब्रहमणपारा वार्ड, वार्ड क्रमांक 12 टांकापारा वार्ड सहित दर्जनभर वार्ड ऐसे हैं, जहां मतदाताओं के नाम अन्य वार्ड में जुड़ गए हैं। हालांकि अब दावा-आपत्ति दर्ज कराकर पार्षद इन्हें दोबारा अपने वार्डों में शामिल कराने के लिए अर्जी लगा चुके हैं।


### महंगाई से तड़के का रंग फीका, फूल गोभी 60, मटर पहुंचा 80

# सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट, आवक बढ़ने से भी कम नहीं हुई कीमत..टमाटर-आलू भी महंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इन दिनों बाजार में सब्जियों की आवक काफी बढ़ी हुई है। इसके बावजूद सब्जियों के दामों में कमी नहीं आ रही है। जिसके चलते रसोई का बजट बिगड़ा हुआ है और इसका सीधा असर मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।

बीते कुछ माह पूर्व बे-मौसम बारिश के चलते सब्जियों की फसल खराब होने की वजह से बाजार में सब्जियों के दाम बढ़े हुए थे। वहीं लोकल बाड़ी से आवक नहीं होने का हवाला देकर बढ़े हुए दामों में आवक बढ़ने के बाद भी कमी नहीं आई है। बाजार में पर्याप्त मात्रा में सब्जियां आ रही है, लेकिन बढ़े हुए दामों की वजह से ग्राहक अभी भी पाव-आधा किलो सब्जी ही ले रहे हैं।



### आवश्यक सब्जियां भी छू रही आसमान, टमाटर भी महंगा

हर घर की रसोई में आवश्यक आलू, प्याज और टमाटर के दाम भी काफी बढ़े हुए हैं। आमतौर पर ठंड के दिनों में कम रहने वाले सब्जियों की कीमत भी इस वर्ष काफी बढ़ी हुई है। लगभग अधिकांश सब्जियां 80 रुपए किलो के करीब बिक रही है।

### गोल बाजार में सब्जियों के दाम

ठंड की दस्तक के बाद भी सब्जियो के दाम में कमी नहीं देखने को मिली है। हालत यह है कि लगभग सभी सब्जिया 20 रुपए पाव में मिल रही है। बाजार में दाम पर नजर डाले तो मटर 80, टमाटर 40, अदरक 80, फूल गोभी 60, पत्तागोभी 40, सेमी 120, भटा 40, लौकी 20, कुंदरू 40, भिंडी 80, बरबट्टी 60, नवलगोल 80, करेला 40, आलू 40 और प्याज 60 रुपए किलो के दर से बिक रही है। मौसमी सब्जियो के भी दाम अधिक होने से लोगों का बजट बिगड़ गया है।

### बढ़ा शादी का बजट

ठंड के मौसम में भी सब्जियों के दाम कम नहीं होने के चलते शादियों का बजट भी बिगड़ा हुआ है। मध्यवर्गीय परिवार में तीन-चार सब्जियों की जगह एक दो सब्जियों से ही विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।

### माय एंगल





संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किया लोकार्पण



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बोटेपार में कोसरिया पटेल समाज भवन, हाईस्कूल में अतिरिक्त कक्ष, बिरेझर में साहू समाज भवन, नवीन आंगनबाडी, सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया । इसी कड़ी में इरईकला में सत्संग भवन शेड निर्माण, सामुदायिक कर्मा भवन, मिडिल स्कूल में मंच, इंदिरा आवास पारा में मंच का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने मितानिन और महिला समूह की सदस्यों का सम्मान किया। इस दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, भागवत साहू, डोमार साहू, उमराव वर्मा, पार्वती साहू, तुलसी साहू, रतन यादव, शेखर वर्मा, पंकज बांधव, कन्हैया पटेल, मंथिर साहू, सोनसाय पटेल, जितेंद्र पटेल, नरोत्तम वर्मा आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### तीर्थंकर पार्श्वनाथ पर जारी होंगे सिक्के



**डोंगरगढ़।** जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के 2900 वें जन्म कल्याणक एवं 2800 वें निर्वाण कल्याणक पर आगामी 25 दिसंबर को भारत सरकार द्वारा 900 और 800 रुपए के स्मारक सिक्के जारी किया जाएगा। यह सिक्का 44 मिलीमीटर के वृत्ताकार में चांदी का होगा। सिक्का के अग्रभाग में सत्यमेव जयते और अशोक स्तंभ अंकित होगा। सिक्का के पृष्ठभाग तीर्थंकर पार्श्वनाथ की छबि होगी। साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने बताया कि 2900 वर्ष पूर्व वाराणसी में जन्मे पार्श्वनाथ का 2800 साल पहले सम्मेद शिखर में निर्वाण हुआ था। डॉ. पुष्पेंद्र ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ ने तत्कालीन व्याप्त हिंसा औ आडंबर का प्रतिवाद किया था। उनकी शिक्षा अहिंसा, सत्य, अचैर्य और अपरिग्रह में आध्यात्मिकता और नैतिकता का मार्ग दिखाती है। उन्होंने बताया कि 25 दिसम्बर को डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

### अवैध खनन पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** विधानसभा क्षेत्र में अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। सरकारी निर्माण करने वाले ठेकेदारों एवं अन्य शासकीय भूमि एवं वनांचल से रेत, मुरूम, मिट्टी का उत्खनन कर शासन और पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं। हाल ही में एसडीएम मनोज मरकाम ने मौके पर जाकर वाहनों को जप्त करने के साथ जुर्माना वसूल किया था। इस कार्रवाई के बाद भी शहर में अवैध उत्खनन थमने का नाम नही ले रहा है।

### फिर बिकने लगी शराब

**डोंगरगढ़।** पुलिस एवं आबकारी विभाग के दबाव में माह भर तक शराब की बिक्री थी किन्तु अब फिर बिक्री शुरू होने लगी है। वहीं कटली, बोरतलाव एवं मेढ़ा शराब दुकान के आसपास खुलेआम चखना सेंटर चल रहे है। ग्रामीण इलाको में कई ऐसे ढाबे है जहां शराब बेचा जा रहा है। यहां शौकिनों को शराब पीने के लिए सुविधा भी मुहैया कराया जा रहा है। बताया जाता है कि चखना सेंटरों ने बड़ी रकम की वसूली आबकारी विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है।

### अध्यक्ष के लिए अब मुकेश का नाम उभरा



**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा में व्याप्त गुटबाजी को खत्म करने अब नगरपलिका के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेष भूत को अध्यक्ष बनाने की कवायद शुरू हुई है। कहा जा रहा है कि श्री भूत के अध्यक्ष बनने गुटबाजी खत्म हो सकती है। गौरतलब है कि श्री भूत नगर पालिका में कांग्रेस का चर्चस्व होने के बाद भी उपाध्यक्ष बनने में सफल हुए थे। उपाध्यक्ष बनने के बाद पार्टी में वर्चस्व कायम किया था।

### मैदान में खिलाड़ी दिखा रहे दम



**गंडई पंडरिया।** मार्निंग क्रिकेट क्लब गंडई ने खुशरो स्टेडियम में सदभावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया है। अब तक 12 टीम ने बेहतर प्रदर्शन कर चुकी है। सेमी फाइनल के लिए 5 टीमो ने अपना नाम दर्ज करा लिया है। जानकारी अनुसार मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के विक्की राम धुर्वे, धीरू गोसाई, सोम ठाकुर, आशिफ खान, योगेंद्र ताम्रकर, सोयब खान, बल्ली भाई, सोनाली यादव, साई सुदर्शन, राजेश वैष्णव सहित अन्य द्वारा यह आयोजन किया गया है। मैच प्रतिदिन 11 से 5 बजे तक होता है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। विजेता टीम को 31 हजार, उप विजेता को 15 हजार दिया जाएगा। तीसरा आने वाली टीम को 7 हजार दिया जाएगा। फाइनल मैच आगामी 2 दिसम्बर को होगा।

### लक्ष्मीबाई और इंदिरा को किया याद



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। व्याख्याता अजय पाठक ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र, युद्ध कौशल, मातृभूमि प्रेम एवं शहादत का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी ने बचपन में वानर सेना बनाया था बाद में वह पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। इस अवसर पर शक्ति स्वरूपा महिला व्याख्याताओं का सम्मान किया गया जिसमे रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, बिंदु साहू एवं स्वामी विवेकानंद यूथ एवं इको क्लब की मोनिका निषाद, शाला नायक ओझल देवांगन शामिल थी। या गया। इस मौके पर प्राचार्य आरके देवांगन, आरडी देवांगन, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, भागवत साहू, वेद साहू, महेश रावटे आदि उपस्थित थे।

### रंगोली एवं निबंध में पंकज, सुषमा प्रथम



**जेवरतला रोड।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर बालोद में जिला स्तरीय रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के पंकज यादव एवं सुषमा सुधाकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य आरके देवांगन और शाला परिवार ने उन्हे एवं व्याख्याता अजय पाठक को बधाई दी है। इस दौरान आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, एसके नेताम, बिन्दु साहू, कुंदन यादव उपस्थित थे।

## नल-जल योजनाओं व शौचालय स्वच्छता के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने गांव जाकर लिया व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला



कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने मोहला और अंबागढ़ चौकी विकासखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों से बातचीत करते उन्होंने योजनाओं के प्रभाव और लोगों को हो रही समस्याओं को समझने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि नल-जल योजनाओं के तहत कई स्थानों पर पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल समाधान करने और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जाए कि हर परिवार को शुद्ध पेयजल मिल सके।

### जनसंवाद के जरिये ग्रामीणों से सीधा जुड़ाव

ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर ने जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ तभी संभव है, जब उनका सही तरीके से क्रियान्वयन हो। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नल-जल योजना, स्वच्छता अभियान और अन्य विकास योजनाओं में पारदर्शिता और सक्रियता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता महेश साहू, एपी शर्मा अनुविभागीय अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान

विश्व शौचालय दिवस पर 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान हमारा शौचालय-हमारा सम्मान के तहत कलेक्टर ने आंगनबाड़ी और स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि शौचालयों की सफाई को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि गंदे शौचालय न केवल बीमारियों का कारण बनते हैं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने समुदाय और स्कूलों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने प्रेरित किया।

### स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

कलेक्टर प्रजापति ने आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों का भी निरीक्षण किया। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और पढ़ाई की गुणवत्ता की जानकारी लेते उन्होंने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति बनाए रखने और बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने कहा। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता का भी उन्होंने जायजा लिया। कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया।

# कई खरीदी केन्द्रों में पहुंचा बफर लिमिट से ज्यादा धान

## खरीदी बाधित होने की संभावना



■ नहीं सुधर रही धान की परिवहन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

एसडीएम मनोज मरकाम एवं तहसीलदार मेघा जैन ने बेलगांव धान खरीदी केंद्र का गत दिनों निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के एक दिन पहले विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर व्यवस्था की जानकारी लिया था।

जानकारी के अनुसार धान की ज्यादा आवक होने से एक सप्ताह में धान खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। परिवहन में देरी होने से धान खरीदी अगले कुछ दिनों प्रभावित हो सकता है। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी परिवहन व्यवस्था में सुधार नजर नहीं आ रहा है।

जानकारी के अनुसार ढारा धान उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट से अधिक धान खरीद लिया गया है। इसी खुर्सीपार धान उपार्जन केंद्र में भी बफर लिमिट से अधिक धान आ चुका है।

अधिकारियों ने खुर्सीपार धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी लिया। कई धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की बफर लिमिट पार हो जाने से जाम के हालात बनने लगे है। स्थिति यह आ गई है कि समय पर परिवहन न होने पर खरीदी प्रभावित हो सकती है। धान उपार्जन केंद्र मुसराकला में भी धान खरीदी की बफर लिमिट पार हो चुकी है। तहसीलदार ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। गत दिनों धान खरीदी केंद्र बेलगांव का विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। बेलगांव में 168 किसानों से 9828.40 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।

# खो-खो टीम गई अलीगढ़



**छुरिया।** छत्तीसगढ़ जूनियर बालक- बालिका खो खो टीम 43वी जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अलीगढ़ रवाना हुई। इस टीम में शामिल 15 बालक, 15,बालिकाओं ने 10 दिनों तक कोचिंग कैम्प में हिस्सा लिया था। बालक टीम के कोच नरेश यादव, सहायक कोच नारद साहू, मैनेजर वीरेन्द्र यादव, बालिका टीम के कोच जफर सिद्धकी, सहायक कोच सिकंदर भारती, मैनेजर किरण सिंग है। टीम नारायणपुर, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, बलौदा बाजार, बालोद, रायपुर, भिलाई, कबीरधाम, मोहला मानपुर चौकी जिलों के शामिल हैं। टेक्निकल ऑफिशियल्स मोहम्मद फ़रीज़ रहमान, रूखमणी यदुवंशी, रामदास, छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगें। समन्वयक के रूप में विक्रांत भी अलीगढ़ गए हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा की जीत का मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



महाराष्ट्र और रायपुर चुनाव में भाजपा की जीत के बाद शहर भाजपा मंडल के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुराने बस स्टेण्ड के पास आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, पूर्व विधायक रामजी भारती, हरविंदर सिंग मंगे, सुरेन्द्रसिंग बन्नौआना, सुनील जैन चीकु, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अमित जैन, संतु अन्ना, महेन्द्र भाई पटेल, विरेन्द्र सोनी, महेन्द्र अग्रवाल, सत्यप्रकाश मिश्रा, उमा महेश वर्मा, रमन डोंगरे, प्रिंस कक्कड़, सुमित मिश्रा, कमलेश काले, तुलसी अग्रवाल, पप्पू नामदेव सहित अन्य उपस्थित थे। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि परिणाम से साबित हो गया कि नरेन्द्र मोदी सरकार पर जनता का विश्वास कायम है। उन्होंने औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रशांत बम को चौथी बार जीत दर्ज करने पर बधाई दी है।

### जंघेल के प्रभार वाले क्षेत्र में भाजपा जीती



**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने महाराष्ट्र के भोकरदन विधानसभा क्षेत्र का प्रभार संभाला था, जहाँ भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज किया है। भोकरदन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष राव साहेब दानवे ने निकटतम प्रतिद्वंदी चंद्रकांत दावने को 23167 मतों से पराजित किया। वह तीसरी बार निर्वाचित हुए है। इस विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने एक माह तक का कार्य किया था। चुनाव के दौरान उन्होंने लगभग 150 गावों का दौरा किया।

# आगामी चुनाव में कड़ी मेहनत करने की सलाह



**गंडई पंडरिया।** वार्ड सात स्थित जायसवाल काम्प्लेक्स में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर चर्चा किया गया। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी गई। कार्यकर्ताओं ने अपनी पीड़ा नेताओं और विधायक के सामने रखा। दीपावली मिलन समारोह में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, संजू सिंह चंदेल, रमेश साहू, नीलांबर वर्मा, मन्नू चंदेल, हबीब खान, विनोद ताम्रकार, साकेत दुबे, मोहसिन खान, शैलेन्द्र, दामोदर जायसवाल, रणजीतसिंह चंदेल, नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार, लियाक़त अली, सूरज नामदेव, अमित टंडन, बालकदास डहरिया, उषा महेश रात्रे, करण बंजारे, चुरावन छेदैया, रिखी पटेल, मोहन साहू, चंद्रकुमार धनकर, गैंदसिंह जगत, इसराइल खान, अमन सोनी, उमेश बांधे, हुलेश साहू, कलमेश ध्रुर्वे, ताराचंद बंजारे, दिनेश रजक, लता देवांगन, गणेश यादव, असरफ सिद्धिकी, विजय सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# कम्प्यूटर लैब लोकार्पित



**छुईखदान।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल का गत दिनों रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय आगमन हुआ। कुलपति का प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

कुलपति ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया। प्रयोगशाला एवं कक्षाओं का अवलोकन करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों से मिलकर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। प्राध्यापकों से चर्चा करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रायोगिक शिक्षण पर बल दिया। इस दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक सेवाएं विस्तार डॉ. एसएस टुटेजा, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विनय पाण्डेय, श्री कोमरे, डॉ. रवि श्रेय उपस्थित थे।

### कुलपति ने चखी पान की आइसक्रीम

निरीक्षण के दौरान रावे के विद्यार्थियों द्वारा तैयार पान की आइसक्रीम का स्वाद लिया। आइसक्रीम के साथ अन्य उत्पादों की प्रशंसा किया। कुलपति का अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने स्मृतिचिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. बीएस असाटी, डॉ. दीपिका देवदास, राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. ओमप्रकाश सोनवानी, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. पंकज भार्गव, तामिन, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. कन्हैया लाल, सुश्री भावना, कोमल गांवरे, डॉ. रायसेन पाल, सुनील मधुकर, जलेश्वरी कंवर आदि उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हादसा: कवर्धा के ट्रांसपोर्ट नगर में भीषण सड़क हादसा

# मोटर साइकिलों की भिड़ंत से सड़क पर गिरे बुजुर्ग को ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में बीती रात भीषण सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार एक बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र घायल बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कवर्धा कोतवाली ने मृतक का शव बरामद कर लिया है वहीं मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को कवर्धा नगर के गुरूघासीदास वार्ड निवासी हेमदास गोप अपने पुत्र के साथ किसी काम से मोटर सायकल से कुकदुर गए थे। बताया जाता है कि कामकाज निपटाने के बाद हेमदास अपने पुत्र के साथ मोटर सायकल में पीछे बैठकर वापस कवर्धा लौट रहे थे।

वे अपने कवर्धा स्थित घर पहुंचने ही वाले थे कि नगर के ट्रांसपोर्ट नगर के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटर सायकल से उनकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत के बाद हेमदास का पुत्र सड़क के किनारे गिर गया और हेमदास सड़क के बीचों बीच जा गिरे।

उनके सड़क पर गिरने के बाद वे अपने आपको संभाल पाते इससे पूर्व एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनके पुत्र को मामूली चोट आई है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं आरोपी मोटर सायकल के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अभी तक आरोपी मोटर सायकल चालक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### 20 फीट गहरी खाई में गिरी कार, चार घायल



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया-बजाग मार्ग में स्थित हनुमत खोह में रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के सतना से रविवार की सुबह कुछ लोग कार से दुर्ग लौट रहे थे। इसी दौरान पंडरिया-बजाग मार्ग में स्थित हनुमत खोल के पास मोड़ पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सीधे 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इसकी जानकारी तत्काल एम्बुलेंस तथा कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल में दाखिल कराया है जहां उनका ईलाज जारी है।

### कई टुकड़ो में विभक्त हुआ शव

बताया जाता है कि मोटर सायकलों की भिडंत के बाद सड़क के बीचों बीच गिरे हेमदास गोप के शरीर पर तेज रफ्तार ट्रक के चढ़ने से उनका शव कई टुकड़ों में विभक्त हो गया और सड़क पर बिखर गया। जिसे बड़ी मुश्किल से एकत्र किया जा सका। रविवार का शव का पीएम कराया गया और बाद में शव को परिजनो के हवाले कर दिया गया।

### घटना के बाद ट्रक चालक फरार

बताया जाता है कि जिस ट्रक के नीचे आने से हेमदास की मौत हुई थी उसने मौके पर रूकना भी मुनासिब नहीं समझा और घटना के बाद मौके से फर्राटे भरते हुए आगे निकल गया। बहरहाल पुलिस इस ट्रक चालक की भी पतासाजी कर रही है लेकिन अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जबकि आरोपी मोटर सायकल चालक की पतासाजी की जा चुकी है।

## शहीद नरेन्द्र शर्मा को 53 वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय सेना के दुल्लापुर कवर्धा निवासी शहीद नरेन्द्र शर्मा की पुण्यतिथि पर शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रबेली में उनको सादर नमन करने उनके स्कूल प्रांगण में स्थित प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सादे व गरिमापूर्ण आयोजन में पूर्व सैनिक कल्याण संघ कवर्धा से सेवानिवृत्त हवलदार कृष्णा सिंह धुर्वे, सेवानिवृत्त हवलदार प्रदीप आस्था, सेवानिवृत्त नायक धर्मेंद्र चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त नायक जेके राजपूत, सेवानिवृत्त नायक अब्दुल सईद खान, सेवानिवृत्त नायक राकेश चंदेल, सेवानिवृत्त नायक दिनेश साहू, शहीद परिवार से वीरेन्द्र कुमार शर्मा, संस्था के प्राचार्य केएस साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य रामसिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि दीनू साहू, प्रताप सिंह चंद्रवंशी, स्कूल के समस्त शिक्षक स्टाफ सहित गणमान्यजनों ने श्रद्धाजंली अर्पित की।

इससे पूर्व सैनिकों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि शहीद पूरे राष्ट्र के लिए गौरव पुरूष होते हैं। उन्होने मातृभूमि की सेवा करते हुए अपना सर्वस्य न्यौछावर किया है। शहीद के स्मरण मात्र से प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक ऊर्जा, शक्ति प्राप्त होती है एवं नागरिकों को देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा शक्ति शहीद के जीवन से ही प्राप्त होती है। उन्होने कहा कि शहीद नरेन्द्र शर्मा न केवल कवर्धा और छत्तीसगढ़ के बल्कि राष्ट्र के गौरव पुरूष है। उनका योगदान सदैव ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा।

### खबर संक्षेप

**शिक्षक संघर्ष मोर्चा का पैदल मार्च आज**

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर 25 नवम्बर को नवा रायपुर में पैदल मार्च किया जाएगा। मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि इसमें मोर्चा में शामिल संगठनों के प्रांतीय, जिला व ब्लॉक पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके पहले नवा रायपुर में लोक शिक्षण संचालनालय के गेट नंबर तीन के पास एकत्र होंगे। पैदल मार्च पश्चात मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना कर क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, पूर्ण पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति दूर करने, लंबित डीए आदि से संबंधित मांग रखा जाएगा।

**भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का किया गया रेस्क्यू**

**कवर्धा।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान चलाया। यह अभियान किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत चलाया गया। अभियान के तहत अम्बेडकर चौक, महामाया मंदिर, जनपद पंचायत के पास चौपाटी, लोहारा नाका, बस स्टैंड और कवर्धा शहर के अन्य स्थानों पर बच्चों की स्थिति का सर्वेक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान दो बच्चों को भिक्षावृत्ति करते पाया। इन्हें रेस्क्यू कर शासकीय बालगृह में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया।

## बचेड़ी से सहसपुर मार्ग और बड़ौदा खुर्द से दैहानडीह मार्ग जर्जर

### क्षेत्र के निवासियों को अवगमन में हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बचेड़ी से सहसपुर जाने वाली सड़क की जर्जर हालत ने स्थानीय ग्रामीणों के जीवन को कठिन बना दिया है। ग्राम सहसपुर में रहने वाले लोगों को अब आवागमन में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गड्ढों की भरमार के कारण वाहन चालकों को न केवल यात्रा में देरी हो रही है, बल्कि सुरक्षा का भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस खस्ताहाल सड़क पर हर दिन निकलना मानो दुर्घटना को न्यौता देने के समान है। वाहन को संभालना मुश्किल हो जाता है, और अगर कोई दुर्घटना हो गई तो हेलमेट भी क्या काम आएगा। ग्रामीणों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस सड़क के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी मुश्किल हो रही है। बच्चे रोज इस टूटे-फूटे मार्ग से स्कूल जाते हैं, जो उनके लिए खतरनाक साबित हो सकता है, एक स्थानीय अभिभावक ने कहा। इसके अलावा, दैहानडीह से बड़ौदा जाने वाली सड़क की हालत भी लंबे समय से खराब है, लेकिन सरकारी प्रतिनिधियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि उनके मुद्दों को अनदेखा किया जा रहा है, जिससे उनकी दैनिक जीवनशैली प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को सुधारने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इन सड़कों की मरम्मत करवाई जाए। हमारी जीवनरेखा बन चुकी इन सड़कों की मरम्मत न केवल हमारी दैनिक जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि हमारे बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी, ग्रामीणों ने जोर देकर कहा।

### गन्ना कटाई में व्यस्त पंडरिया क्षेत्र के किसान



**कवर्धा।** पंडरिया शक्कर कारखाने में केन पूजा कर गन्ना खरीदी व पेराई शुरू हो गई है। इसे लेकर क्षेत्र के किसान भी गन्ना कटाई में जुट गए हैं। ग्राम कुंडा, माकरी, अतरिया, दामापुर, नवापारा, पेंड्रीकला, सैहामालगी, पटुवा, धौराबंद, कोयलारी कला, कोदवा, निंगापुर, सेमरकोना समेत क्षेत्र के सभी गांवों में इन दिनों धान व गन्ना कटाई साथ-साथ चल रही है। धान व गन्ना कटाई साथ- साथ होने से मजदूर नहीं मिल रहे है। ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीनों से धान कटाई करवा रहे हैं। वहीं गन्ना कटाई के लिए दीगर गांवों से मजदूर आ रहे हैं।

## गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



■ शिविर में की गई 106 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर आज जिले के बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए सभी प्रकार के मरीजों की जानकारी सीएमएचओ डॉ. बीएल राज, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव और बीएमओ डॉ. विवेक चंद्रवंशी ली। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। अगला शिविर 25 नवंबर को चिल्फी में आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में बोड़ला, पोंड़ी, बैजलपुर, राजनवागांव, और तरेगांव जैसे आसपास के गांवों से चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 102 महतारी वाहन के माध्यम से शिविर तक लाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं को शिविर में शामिल कर उनके स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई। शिविर में 106 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई। इसके अलावा, सभी महिलाओं का सीबीसी, ब्लड प्रेशर, वजन, और स्क्रिनिंग जांच भी की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश साहू और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. वी. गोपाल कृष्णा की देखरेख में यह जांच पूरी की गई। शिविर को सफल बनाने में शिवगोपाल सिंह ठाकुर और विकासखंड की पूरी टीम ने भी विशेष योगदान दिया।

### पहले भी आयोजित हुए शिविर

वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहले भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए गए हैं। 19 जुलाई को झलमला, 7 अक्टूबर को तरेगांव, और 8 अक्टूबर को रेंगाखार में शिविरों का आयोजन किया गया। आज बोड़ला में शिविर आयोजित हुआ, जबकि अगला शिविर 25 नवंबर को चिल्फी में आयोजित किया जाएगा।

## श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए अंचल के श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा



श्रीमद् भागवत कथा व्यास पण्डित हेमंत शुक्ला ने बताया कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। बाजगुड़ा के गौटीया स्व झगरु मंडल के बेटे सिंगारपुर के सरपंच चेतन वर्मा के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर आचार्य पंडित हेमंत शुक्ला ने यह बात कही। कथा के पाँचवे दिवस पर वामन अवतार, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। अवतारों के जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास पण्डित हेमंत शुक्ला ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। श्री शुक्ला ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

## महिला स्व सहायता समूहों को मिला 1.59 करोड़ रुपए का लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जनपद पंचायत पंडरिया के सामुदायिक भवन में आयोजित बैंक लिंकेज कैंप में महिला स्व सहायता समूहों को व्यवसाय संवर्धन के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपए का लोन दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक आलोक रंजन की उपस्थिति में लोन वितरण किया गया। इस वित्तीय सहायता से महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों को आगे बढ़ाने के लिए सहायता मिलेगी, जिनमें अगरबत्ती निर्माण, मछली पालन, गुड़ उद्योग, किराना दुकान, बकरी पालन, कृषि कार्य, आटा चक्की, मिनी राईस मिल, और मोटर बैंडिंग जैसे कार्य शामिल हैं। कुल 60 महिला समूहों को इस शिविर में ऋण राशि प्रदान की गई। पहले डोज में 34 समूहों को 51 लाख रुपए, दूसरे डोज में 16 समूहों को 48 लाख रुपए और तीसरे डोज में 10 समूहों को 10 लाख रुपए का लोन दिया गया।

संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान डॉ. सियाराम साहू ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## कवर्धा नगर में नवोदित मानस व्याख्यान संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश तुलसी मानस प्रतिष्ठान के निर्देश पर जिला स्तरीय नवोदित मानस व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन गत 23 नवम्बर को दानवीर भामाशाह परिसर कवर्धा स्थित सर्वेश्वर महादेव प्रांगण में संपन्न हुआ। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष शीतल साहू ने बताया कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान का यह अनुठा और विशिष्ट प्रकार के विचार धारा के तारतम्य में कवर्धा जिला में पहली बार भक्ति एवं ज्ञानभाव से ओतप्रोत नवोदित मानस व्याख्यान का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सियाराम साहू संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अगुवाई में प्रारंभ किया गया। जहां जिले के अनेक ग्रामों से नवोदित अर्थात मानस चरित्र से जुड़े बालक बालिकाओं का प्रतिभागी के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के निर्णनायक मंडल के प्रमुख अंजू



गोस्वामी रायपुर ने किया। प्रदेश से लल्लूराम वर्मा सहित प्रमुख पदाधिकरी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर के आस पास राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन तथा उद्देश्य को सारगर्भित रूप में किया जाएगा। मानस के रामनाम मनि दीप धरू जीह देवरी द्वार तुलसी भीतर बहिरौ जो चाहसि उजियार से प्रांरभ किया। जिसमें प्रमुख रूप नवोदित व्याख्या में प्रथम वक्ता बिमलेश्वरी साहू कोलेगांव, विसर्जन निर्मलकर बाहरमुडा, भीषम सिंह कौशिक खैरझिटी, मनोज राजपूत कोसमंदा, विजय चंद्रवंशी सारंगपुर, खिलेश साहू रक्से, श्रीमती मीना साहू रक्से, श्रीमती भुवनेश्वरी साहू रक्से, महेन्द्र साहू रक्से, पवन नेताम सिल्हाटी, कुमकुम पाण्डेय हथलेवा, दीपेन्द्र चंद्रवंशी छॉटा, पंडित किशन पाठक पाण्डातराई, पंडित अक्षत तिवारी पांडातराई, रमेश साहू सोनझरी, मनहरण दास मानिकपुरी भाटकुण्डेरा, फागुराम निर्मलकर नवागांव, लखन साहू धनेली, सुनील चंद्रवंशी पालीगुडा, रेणुका साहू रणजीतपुर, जसवंत साहू गांगीबहरा, ध्रव पारकर बनिया, नोहर अचानकपुर, अंतिम वक्ता लोकनाथ ने उपस्थित होकर मानस के विभिन्न कांड के दोहा और चौपाई के माध्यम से अपनी व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन रामदत्त साहू तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था भीमराम साहू ने किया। कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियो में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर होने वाले संगोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत एक रहेंगे, सेफ रहेंगे पर जनता की मुहर: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड, अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत पीएम मोदी के श्लोगन एक रहेंगे, सेफ रहेंगे' पर जनता की मुहर है। यह राम और राष्ट्र के अराधक पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर नए महाराष्ट्र के विश्वास की मुहर है। यह छत्रपति शिवाजी के आदर्शों की विजय है। बाबा साहेब का अपमान करने वालों की पराजय है। बीजेपी महायुति गठबंधन की सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट को जितनी सीटें मिली हैं, इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर भी उतनी सीटें नहीं मिली।भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश एक जुट होकर खड़ा है। यह गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, वृद्ध, शोषित व वंचित की आशा-आकांक्षा पर जनता जनार्दन की विजय का प्रतीक है। यह तुष्टिकरण और साम्प्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देखने वालों की पराजय है। आज बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं के संकल्प की सिद्धि हुई है। चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि ये जीत पीएम मोदी के नेतृत्व पर जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है। जनता को अटूट विश्वास है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उनकी नीतियां, उनके निर्णय देश और समाज के अनुकूल हैं। इस अनुकूलता पर जनता ने मुहर लगाई है। इस सम्पूर्ण विजय के लिए भाजपा के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ डबल इंजन की सरकार की उपब्धियों को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया, उन सभी को हृदय से बधाई।

## सार समाचार

### तृतीय राज्य स्तरीय सुन्दरकांड गायन आयोजित

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के सभागार में तृतीय राज्य स्तरीय सुंदरकांड गायन एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।



उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि देवेन्द्र गोस्वामी एवं निर्णायक डॉ. कविता लिकेश्वर वर्मा, जगदेव नेताम एवं स्वपन भट्टाचार्य आमंत्रित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई रही, जिन्हें 7001 रुपए नगद राशि, द्वितीय स्थान पर युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव 5001 रुपए नगद, तृतीय स्थान पर अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव रही, जिन्हें 3001 रुपए नगद राशि के साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्पर्धा में प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 1100 रुपए की राशि भेंट की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ एवं श्रीराम स्तुति से किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में चरित्र बल व नैतिक बल विकसित हो, विद्यार्थी श्रीराम की तरह मर्यादित जीवन जीये, श्रीराम के आदर्श को आत्मसात कर जीवन की सार्थकता को सिद्ध करें। सचिव गगन लड्ढा ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन हमें बरबस ही त्रेतायुग की यद दिलाता है। प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि आज का यह आयोजन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उक्त आयोजन में विभिन्न जिलों से लगभग 15 स्कूलों से विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे।

### साइंस कॉलेज में जल संरक्षण पर कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 16 नवंबर को इको क्लब के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन व इको क्लब प्रभारी डॉ.एसआर कन्नोजे के निर्देशन में ''जल संरक्षण'' विषय पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. बघेल ने कहा कि जब तक हम स्वयं जल संरक्षण की दिशा में कदम नहीं उठाएंगे, तब तक किसी सार्थक परिणाम की आशा नहीं की जा सकती। धान की फसल में पानी ज्यादा लगता है, हमें फसल चक्र अपनाना चाहिए। जल का संरक्षण व संवर्धन समय की मांग है।



इको क्लब प्रभारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि जल के संरक्षण व संवर्धन के लिए घर-घर में जल देवता का निर्माण कर सकते हैं। छत के पानी को आंगन में किनारे की ओर गड्ढा बनाकर धरती में भेज सकते हैं। इससे जल का स्तर बढ़ेगा। सहा.प्रा. गुणवंता खरे ने कहा कि जीवन की दूसरी आवश्यकता जल है, जल जहां से गुजरा नए संस्कृति को जन्म दिया। जल ने हमें जीवन दिया, बदले में हमने विष दिया, घर से निकलने वाले कूड़े-कचरे को जल में विसर्जित न करें।

### खुज्जी विधायक ने किया स्कूल भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** खुज्जी क्षेत्र के बेलरगोंदी में नवनिर्मित शासकीय हाईस्कूल भवन का खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने लोकार्पण किया। उन्होंने



विद्यार्थियों और शाला परिवार को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आलम खान, प्रतिमा सोनबोइर, राजकुमारी सिन्हा, राजू सिन्हा, विपिन यादव, मनोज सिन्हा, अब्दुल खान, आलोक मिश्रा, सुंदरलाल चतुर्वेदी, रमशीला सोनबोइर, पुरानिकराम साहू, छगनलाल पोर्टे, मोनू भुआर्य समेत शिक्षकगण व अन्य लोग शामिल थे।

### भाजपा ने पूंजीपतियों को दी खुली छूट : नीरज

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस दक्षिण मंडल के महामंत्री व युवा नेता नीरज कन्नौजे ने अमेरिका द्वारा भारत के बड़े उद्योगपति गौतम अडानी पर



अमेरिका द्वारा सौर ऊर्जा ठेके के लिए 2200 करोड़ के रिश्वत देने की पेशकश मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी करवाया है। जिससे भारत की साख को बट्टा लगा है। उन्होंने कहा कि शेयर मार्केट जितना नुकसान अडानी समूह को नहीं हुआ है। उससे कई गुना ज्यादा नुकसान देश की साख पर बट्टा लगने से हुआ है। अमेरिका द्वारा एक बड़े भारतीय उद्योगपति पर इस तरह आरोप लगाना और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करवाना हर भारतीय के लिए दुखद है, लेकिन गौतम अडानी समूह ने न सिर्फ अमेरिका को रिश्वत का ऑफर देने जैसा अपराधिकृत किया है, बल्कि इस समूह ने देश के संसाधनों को भी बे-हिसाब लूटा है और तो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी भाजपा द्वारा अडानी समूह को संरक्षण देना यह दर्शाता है कि कहीं ना कहीं इस घटना में अडानी समूह के साथ भाजपा भी बराबर की भागीदार है।

## बिजनेस साइट

### एनएन में ऑफर आज से, कम्प्यूटर मात्र 9900 में

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित लैपटॉप कंप्यूटर शो-रूम एनएन कम्प्यूटर शॉप में लैपटॉप, कम्प्यूटर की खरीदी पर आज से ऑफर दिया जा रहा है। कम्प्यूटर की प्रारंभिक कीमत मात्र 9900 रुपए है। लैपटॉप की सभी विश्वस्तरीय कंपनी एचपी, डेल, लेनोवो, असुस हाजिर स्टॉक में उपलब्ध है। साथ ही एचपी, कैनन, ब्रदर, इप्सन कंपनी के कलर और लेसर प्रिंटर उचित कीमत में उपलब्ध है। ऑफर की अधिक जानकारी के लिए मानव मंदिर चौक अन्नपूर्णा रेस्टारेंट के सामने स्थित एनएन लैपटॉप कंप्यूटर शो-रूम में संपर्क कर सकते हैं।

### पांच जोड़ों को मिला सीएम कन्यादान योजना का लाभ

# फिजूल खर्च रोकने मुस्लिम तेली समाज ने कराया इज्तेमाई निकाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादियों में होने वाले खर्च को सीमित करने और परिवार से शादी का बोझ कम करने के उद्देश्य से मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा शहर के गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम परिसर में इज्तेमाई निकाह का आयोजन किया गया। जिसमें 17 जोड़ों की शादी संपन्न हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से पांच जोड़ों का विवाह भी कराया गया। मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा शादियों में होने वाले खर्चों को कम करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। जिसमें समाज के हर वर्ग से अमीर-गरीब के भेदभाव से परे एक ही मंच पर एक जैसी व्यवस्था में शादी संपन्न कराई जाती है। इस वर्ष भी समाज द्वारा शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सामूहिक विवाह का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें 17 जोड़ों का सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया। इस दौरान उन्हें गृहस्थ जीवन के लिए सामग्री भी भेंट की गई।



#### फिजूल खर्च की होती है बचत

सामूहिक निकाह के इस आयोजन में अपनी बेटी की शादी के लिए पहुंचे मोहम्मद हुसैन गोरी और समाज के वसीम गोरी एवं हसीना बेगम तिगाला ने कहा कि तेली मुस्लिम बिरादरी की यह अच्छी पहल है। इससे माता-पिता का काफी खर्च बच जाता है। सामूहिक शादी से समाज के सभी लोग जुड़कर कार्य करते हैं। यहां सब बराबर होते हैं। एक जैसी व्यवस्था में ही सभी की शादी संपन्न होती है।

#### शासन की योजना का मिला लाभ

मुस्लिम तेली समाज द्वारा आयोजित किए गए सामूहिक विवाह के आयोजन में 17 जोड़ों के बीच पांच जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से संपन्न कराया गया। महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर ने बताया कि शासन की योजना के तहत विवाह के लिए 50 हजार रुपए दिए जाते हैं। जिसमें 35 हजार रुपए का चेक, चांदी की बिछिया, मंगलसूत्र, शादी का परिधान और अन्य सामान दिए गए हैं।

#### एक जैसी व्यवस्था में सभी का निकाह

सामाजिक पदाधिकारी जैनुद्दीन सोलंकी ने बताया कि मुस्लिम तेली समाज द्वारा विगत 5 वर्षों से यहां सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 17 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ है। वहीं अब तक लगभग 75 जोड़ों का निकाह कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस सामूहिक शादी का उद्देश्य अमीर-गरीब के भेदभाव को खत्म कर शादी पर होने वाले अधिक खर्च को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 5 जोड़ों के निकाह में शासन की योजना का सहयोग मिला है।

# स्वच्छता कार्यक्रमों के जरिये मेला परिसर में जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं विस्तार गतिविधि कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के संयुक्त प्रयास से कार्तिक पूर्णिमा पर दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। मोहारा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर उनको स्वच्छता बनाए रखने में प्रेरित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई और विस्तार गतिविधि के अंतर्गत वृहद रूप से जनजागरूकता अभियान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्तिक पूर्णिमा मेला की समाप्ति तक चलता रहा। जिसमें साफ-सफाई, प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने, कचरों का उचित निपटान, इधर-उधर अनावश्यक कचरो का ढेर नहीं फेंकने, नशाखोरी जैसे प्रमुख मुद्दों में लोगों से अपील करते जागरूक किया गया। अभियान की शुरूआत रैली निकालकर मेला परिसर में संदेश दिया गया। मंच पर नुक्कड़ नाटक द्वारा सभी को इस गंभीर विषयों से परिचित कराते अभियान से आम जनता में पर्यावरण को स्वच्छ रखने और साफ-सुथरा परिसर रखने हेतु प्रेरणा मिल सके, यह प्रयास किया गया।

#### किया गया जागरूक

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि तीन दिवसीय मेले में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता को जीवन के अभिन्न हिस्सा बनाने के उद्देश्य से मेला परिसर में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अभियान चलाते हैं। अभियान के अंतर्गत पूरे परिसर में साफ-सफाई, रैली, स्वच्छता शपथ, वृक्षारोपण जैसे रचनात्मक कार्यक्रम से जोड़ना और प्रेरित करना मकसद होता है। साथ ही हाथ धुलाई, सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को नुक्कड़ नाटक द्वारा बताने का प्रयास करते हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने समर्पित प्रयास से स्वच्छता के संस्कारों को घर-घर तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जो एक सराहनीय प्रयास है। जन जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# वेरिफिकेशन पश्चात मिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स सर्टीफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पुलिस द्वारा आपरेशन नवा बिहान के तहत साईबर एवं नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा चलाए गए उक्त जागरूकता अभियान के फोटोग्राफ्स, वीडियो आदि के अवलोकन, परीक्षण व डाटा वेरिफिकेशन उपरांत 24 नवंबर को ओरिजनल ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' सार्टिफिकेट प्रदान किया गया।

पुलिस के अनुसार 18 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे एक साथ ''नवा बिहान'' के तहत पूरे जिले के विभिन्न 165 स्कूल, कॉलेजों, औद्योगिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों में 27143 लोगों को साइबर अपराध एवं नशे के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया गया था। जिसमें पुलिस के अधिकारियों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिले के सायबर सेल व समस्त थाना, चौकी स्टाफ द्वारा जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर स्कूल, कॉलेजों, औद्योगिक संस्थानों के लोगों को जागरूक किया गया।




#### सर्टिफिकेट मिला

उक्त जागरूकता अभियान के फोटोग्राफ्स, वीडियो आदि के अवलोकन, परीक्षण व डाटा वेरिफिकेशन उपरांत 24 नवंबर को ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' की ओरिजनल सार्टिफिकेट प्रदेश प्रभारी सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को प्रदाय किया गया।

#### अधिकतम लोगों को किया जागरूक

जिलेभर में एक ही दिन अधिकतम लोगों को सायबर एवं नशे के विरूद्ध जागरूक कर ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' बनाया गया था, जिसे रिकार्ड प्रभारी सोनल राजेश शर्मा द्वारा मौके का निरीक्षण उपरांत 18 अक्टूबर को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में तात्कालिक रूप से प्रतिकात्मक ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' प्रोविजनल सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया।

# भाजपा की जीत से विक्रांत का बढ़ा कद

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे से भाजपा को बड़ी जीत मिली है वही छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन नेतृत्व के निर्देशानुसार यहां से भाजपा नेताओं को महाराष्ट्र राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी बनाकर भेजा गया था।

- भाजपा प्रत्याशी को बड़ी लीड दिलाने में विक्रांत सिंह हुए कामयाब

बता दे कि महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चौहान के पुत्री सुश्री जया अशोक चौहान को नांदेड़ जिले के तहत भोकर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने मैदान में उतारा था जिसमें



राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को भोकर विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जहां विक्रांत सिंह ने दिन रात मेहनत करके हर बूथ में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से सतत विचार विमर्श करके चुनावी कमान संभालने में कामयाब हुए। साथ ही भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए लगातार जनता से सम्पर्क बनाने में कामयाब रहे जिसका परिणाम अब सामने आने पर जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को अपने ऊपर पार्टी द्वारा दिये गए निर्णय में सफलता पूर्ण कार्य करते हुए भाजपा को बड़ी लीड दिलाने में कामयाब रहे। वही दूसरी ओर महाराष्ट्र में भोकर विधानसभा हाईप्रोफाइल सीट पर सबकी निगाहें टिकी हुई थी जिसमे भाजपा को जबरदस्त लीड मिलने से छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में विक्रांत सिंह का कद बढ़ा हुआ देखा जा रहा है। साथ ही केसीजी जिले सहित उनके शुभचिंतकों ने महाराष्ट्र के भोकर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी जीत दिलाने पर श्री सिंह को बधाई प्रेषित किया है।

### परिचय सम्मेलन एक को

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी एक दिसंबर को महादेव घाट रायपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, विकास मरकाम, जगेश्वर प्रसाद, प्रभुदयाल मेषपाल, मिलन धनकर, यशवंत पाल धनकर, मदन सटकर, गोविंद धनकर, लोरिक पाल, लक्ष्मी नारायण महतो शामिल होंगे।

आवश्यकता
अकाउंटेंट (GST, TDS ज्ञान) एवं गोडाउन- सुपरवाइजर 2 पद, अनुभव 3-4 साल तक.
- संपर्क करें -
रामदेव रिफाइनरी
बुद्धू भरदा, घोरदा, राजनांदगांव
7898001853, 9425216035

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

# भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में इंदिरा का बहुमूल्य योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के 107वीं जयंती पर 19 नवंबर को उनके व्यक्तित्व व जीवनी पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर प्रकाश डाला।

शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित चंद्रवंशी ने बताया कि आयरन लेडी के नाम से पहचानी जाने वाली स्व. इंदिरा गांधी देश की अखंडता, एकता और देशभक्ति की आदर्श मिसाल है। राष्ट्र को समर्पित उनकी राजनीतिक दृढ़ता को हम भारतवासी हर पल याद करते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की।

#### इंदिरा की जयंती पर संगोष्ठी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि भारत को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। भारत की एकता व अखंडता को संजोए रखने उन्होंने अपना जीवन का बलिदान कर दिया। जब भारत-पाकिस्तान का युद्ध हुआ तो पूरा विश्व भारत के खिलाफ खड़े हो गए, वहां पर इंदिराजी ने अपनी पूरी क्षमता के साथ बातें रखी और पूरा विश्व भारत को मानने लगा कि भारत किसी से कम नहीं।

वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि इंदिराजी बचपन से ही देशभक्ति व राजनीति के गुण थे। देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया। इंदिरा ने देश की प्रगति व देश की एकता के लिए अनेक कार्य किए। स्वतंत्र भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री का गौरव इंदिरा गांधी को जाता है। श्रीमती गांधी ने ही सर्वप्रथम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया था।

संगोष्ठी सभा को अशोक फडनवीस, रौशनी सिन्हा, अमित खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मधुकर वंजारी, पूर्णिमा नागदेवे, सुरेन्द्र देवांगन, संजय साहू ने भी संबोधित किया। सभा में कमलजीत सिंह पिन्टू, कुतबुद्दीन सोलंकी, राजू खान, झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, मोहिनी सिन्हा, प्रतिमा बंजारे, खैरूनिशा, रीना पटेल, संगीता साहू, ललिता साहू, संतोष पिल्ले, गणेश पवार, चंद्रकला देवांगन, महेश साहू, मनीष साहू, रईस अहमद गोरी, खिलेश बंजारे, मामराज अग्रवाल, भोला यादव, विशु अजमानी, मुस्तफा जोया, तौसिफ गोरी, राहुल देवांगन, गोपी रजक, सूरज शर्मा, हर्ष खोब्रागढ़े, संदीप जायसवाल, नारायण सोनी, सुरेन्द्र गजभिये, जागेश्वर साहू, नीलेश ठावरे, विनोद गेन्डे, रूपेश साहू, निखिल वारके, जयेश, आशीष सोनकर, विष्णु सिन्हा, अवधेश प्रजापति, शैलेश ठावरे, हिम्मत पवार, फरहा खान, शौर्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांधा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- [+ 5% GST ]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### जिले के नौ शहीद जवानों के परिजनों का शाल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

# आईजी ने किया नवनिर्मित शहीद स्मारक प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला का गठन 2 सितंबर 2022 को हुआ है। निर्माण काल में यह जिला पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग आता था। 31 जुलाई 2023 को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव का गठन होने के पश्चात जिले का प्रथम वार्षिक निरीक्षण 22 व 22 नवंबर को पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा राजनांदगांवरेंज राजनांदगांव द्वारा किया गया। वार्षिक निरीक्षण में 21 नवंबर को अंबागढ़ चौकी थाना का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान एसपी वायपी सिंह, एएसपी देवचरण पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ताजेश्वर दीवान उपस्थित रहे। थाना के अपराध विवेचना, मर्ग/ गुमइंसान/ शिकायत जांच का स्तर, थानों के स्थाई रिकार्ड, संधारित रजिस्टर में प्रविष्ट अद्यतन स्थिति, जब्ती माल/बिसरा का निराकरण व रखरखाव, थाना भवन/आवास/परिसर की साफ-सफाई व मरम्मत का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर को दिया गया।

द्वितीय चरण में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय अंबागढ़ चौकी में संधारित रजिस्टर, गंभीर अपराध के पर्यवेक्षण का निरीक्षण किया गया। दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में सलामी टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। तत्पश्चात एसपी वायपी सिंह द्वारा पुलिस महानिरीक्षक को अधीक्षक कार्यालय मोहला के समस्त शाखा का परिचय कराया गया। वार्षिक निरीक्षण क्रम में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा मुख्य लिपिक, वेतन शाखा, फंड शाखा, कन्टिनजेन्सी शाखा, एसी-1 शाखा के बजट आबंटन, व्यय का रिकार्ड का निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस 22 नवंबर को रक्षित केन्द्र मोहला में वार्षिक निरीक्षण परेड का आयोजन किया गया। निरीक्षण परेड में एसपी वायपी सिंह, एएसपी देवचरण पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मॉनपुर मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक ताजेश्वर दीवान, 1 रक्षित निरीक्षक, 5 निरीक्षक, 5 उप निरीक्षक, 16 सहायक उप निरीक्षक, 17 प्रधान आरक्षक एवं 76 आरक्षक तथा 10 सदस्यीय पुलिस बैंड में शामिल हुए।



#### परेड का किया निरीक्षण

पुलिस महानिरीक्षक को रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप द्वारा सलामी दी गई। परेड निरीक्षण क्रम में मार्चपास्ट, स्क्वाड ड्रिल, काशन कमांड कराई गई। पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा द्वारा रक्षित केंद्र मोहला में नवनिर्मित शहीद स्मारक प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर जिले में निवासरत 9 शहीदों के परिजन उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी शहीद परिजनों से बात कर कुशलक्षेम जाना और शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

#### पुलिस परिवारों से पूछी समस्याएं

वार्षिक निरीक्षण के समापन क्रम में दरबार आयोजित कर जिले के शहीद परिवार, पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पुलिस महानिरीक्षक से सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्या के संबंध में गुजारिश की गई, जिस पर गंभीरता से विचार कर निराकरण का आश्वासन दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने दरबार में अपने संबोधन में इस नवीन जिले में सभी प्रकार के संसाधनों में कमी होने के बावजूद भी पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा लगन व मेहनत से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

## खबर संक्षेप

### दुल्लापुर-रबेली में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में निकाली भव्य कलश यात्रा



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम दुल्लापुर-रवेली में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन अंगिरा गोत्रीय विप्र परिवार द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम दुल्लापुर-रबेली के ग्रामीण महिलाओं व आसपास क्षेत्र के महिलाओं व बहनों द्वारा भव्य विशाल कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण कर संगीतमय श्रीमद्भागवत व गीता पुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमें महिलाओं के साथ-साथ ग्रामीणों एवं आसपास के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा व्यास सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के दण्डी स्वामी श्रीमद् ज्योति मयानंद सरस्वती द्वारा श्रीमद् भावगत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कथा रसपान आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को कराया जाएगा। जिस पर आयोजक अंगिरा गोत्रीय विप्र परिवार समस्त क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

### कुई कुकदूर में मितानिन दिवस मना



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** सुंदूर वनांचल क्षेत्रांतर्गत कुई-कुकदुर के ग्राम छिंदीडीह में मितानिन दिवस मनाई गई। ग्रामीण युवा सुनीत परस्ते ने बताया कि हमारी मितानिन बहनें स्वास्थ्य की रीढ़ है। इस दौरान मितानिनों को साड़ी और पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल जैन, आशाराम शिव, जगदीश पनरिया, संतोष पनरिया, सुनीत परस्ते, फुलसिंह मेरावी, श्रीमती कुंतीबाई, भोलाराम, बुधसिहं कुरचाम, शिवकुमार परस्ते, श्रीमती जिरा पनरिया, शांति बाई पनरिया एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड पण्डरिया ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि पाण्डातराई।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड पण्डरिया के स्वंयसेवको द्वारा जिला के प्रसिद्ध ड़ोंगरिया जलेश्वर महादेव घाट को स्वयंसेवकों द्वारा साफ-सफाई कर पंच परिवर्तन के पर्यावरण के प्रति जन जागरूक करते हुए सभी स्वयंसेवको एक-एक पेड़ लगाने का आह्ववान करते हुए कहा कि पेड़ से हमें फल, लकड़ी, छाया व प्राण दायनी ऑक्सीजन देती है। इसलिए हम सबको अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए जिससे पर्यावरण के प्रति अपनी कर्त्तव्य है उसे पुरा कर सके। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड पण्डरिया के स्वयंसेवकों द्वारा जलेश्वर महादेव घाट एवं मंदिर परिषर की सफाई किया गया। इस सेवा कार्य में रैतापारा, पलानसरी, पाण्डातराई, पीपरमाटी, कुण्डा, जंगलपुर, शाखा मिलन मंडली स्थान से कुल 37 स्वयं सेवक उपस्थित थें। जिसमें खीराम चंद्रवंशी, अजीत मक्कड़, विक्की निर्मलकर, नंदकुमार यदु, कपिल नारायण चंद्रवंशी, नरेंद्र चंद्रवंशी, रामगोपाल यादव, नीलेश निर्मलकर, महेन्द्र चंद्रवंशी, उमेश, मानस, हर्ष, कृष्णा, निखिल, विकास यादव, विकास चंद्रवंशी, किशन देवांगन, संतोष निषाद सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### महली शक्ति केंद्र में पांच बूथों का चुनाव अधिकारी दिनेश मिश्रा ने कराए गठन



**हरिभूमि कोलेगांव।** देश के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं मण्डल पदाधिकारियों का कार्यकाल पूर्ण हो गया अब शीर्ष नेतृत्व नए सिरे से संगठन का गठन कराने सदस्यता का महाअभियान चलाया गया। वहीं सक्रिय सदस्यता का दौर चलने के बाद अब गठन की प्रक्रिया प्रारंभ है, भाजपा की शीर्ष नेतृत्व पहले बूथ इकाई फिर मण्डल जिला प्रदेश उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की गठन का कार्य करेगी। भाजपा चुनाव के लिए बाकायदा चुनाव अधिकारी नियुक्त की गई है, इसी कड़ी में जिला संगठन ने भाजपा मण्डल कुण्डा शक्ति केंद्र महली अंतर्गत पांच बूथों की चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा एवं प्रभारी जिला बेमेतरा दिनेश मिश्रा को एवं सह चुनाव अधिकारी श्रवण साहू को नियुक्त किया गया। जिस पर सोमवार को चुनाव अधिकारी दिनेश मिश्रा एवं सह प्रभारी श्रवण साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आवश्यक बैठक लेकर सूरजपुरा, दुल्लापुर, बनियाकुबा व महली एवं रेंगाड़ा बूथ कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया।

### प्रियंका गांधी उपचुनाव में बंपर जीत पर कुण्डा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**हरिभूमि कोलेगांव।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने बड़ी जीत हासिल की जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर एवं कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा बधाई दी। जिसमें कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, नकुल चौहान, गुरुनंद गोस्वामी, लखन परमानंद साहू, लाला चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, बलदाऊ साहू, ओंकार साहू, ध्रुव सिंह ठाकुर, शिवसहाय चंद्राकर, मुकेश रामावतार ,सिंगरौल हरेंद्र चंद्राकर, हरचरण सिंह खनूजा, बद्री खांडे ने बधाई दी।

---

जिले में स्वीकृत 24 मिनी स्टेडियमों की समीक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश

# मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य में लापरवाही गुणवत्ताहीनता बर्दाश्त नहीं होगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत मिनी स्टेडियमों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा कलेक्टर गोपाल वर्मा ने की। उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मिनी स्टेडियम युवाओं के भविष्य से जुड़े हुए हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही, अनियमितता या गुणवत्ताहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मिनी स्टेडियम केवल खेल को बढ़ावा देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का जरिया भी हैं। ये स्टेडियम युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के नए अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी सहन नहीं की जाएगी। सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा में पूरी होनी चाहिए। निर्माण कार्य प्रारंभ से समापन तक उच्चतम गुणवत्ता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

कलेक्टर ने बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। यदि गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत मिली तो इसकी तत्काल जांच की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर कठोर कार्यवाही होगी। भविष्य में उन्हें सरकारी निर्माण कार्यों से वंचित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना अनिवार्य होगा। कार्य में देरी या अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसी का भुगतान रोकने का निर्देश भी दिया गया।




### 24 गांवों में स्टेडियम निर्माण कार्य की स्वीकृति

इस योजना के तहत जिले के दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर-मक्के, उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बंदरची, जिटाटोला, खारा, सूरजपुरा, बदौड़ा खुर्द, सिंघनपुर जंगल, दुल्लापुर, घुघरीकला, पवंतरा, नेवारी, तीतरी, सिल्हाटी, अमलीडीह, भोंदा, कांपा, कामड़बरी और नेउर गांव खुर्द में मिनी स्टेडियम बनाए जाएंगे। आरईएस विभाग के कार्यपालन अभियंता आईपी सोमनकर ने बताया कि जिले के 24 गांवों में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा 12.29 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक मिनी स्टेडियम के निर्माण पर लगभग 51 लाख की लागत आएगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं।

### खेल सुविधाओं का विस्तार और युवाओं के लिए अवसर

मिनी स्टेडियम निर्माण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल के लिए उपयुक्त बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इन स्टेडियमों में स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकेगा, जिससे बच्चों और युवाओं को अपने खेल कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। इन मिनी स्टेडियमों में फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी जैसे खेलों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मैदान और सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

---



# 1.50 करोड़ की लागत से बनेगा साहू समाज का सामुदायिक भवन

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय व विधायक भावना बोहरा ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शुक्रवार को सहसपुर लोहारा रोड साहू समाज के दानवीर भामाशाह परिषर में भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह का भव्य आयोजन किया। जिला साहू संघ के जिला मीडिया प्रभारी वेद साहू ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद संतोष पाण्डेय व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा, साहू समाज प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू, तैलिक महासभा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम साहू, उपाध्यक्ष अशोक साहू ने दानवीर भामाशाह परिसर में 1.50 करोड़ की लागत से बनने वाले साहू समाज के सामुदायिक भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। साथ ही साथ सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भावना का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस दौरान मंचीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष पतिराम साहू, जिला महामंत्री धर्मराज साहू, अशोक साहू, विष्णु साहू, गोपाल साहू, घनश्याम साहू, सीताराम साहू, वीरेंद्र साहू, घुरूवाराम साहू, ईश्वर साहू, सुदर्शन साहू, रामकृष्ण साहू, तहसील अध्यक्ष धरमराज साहू, गजपाल साहू, राधेश्याम साहू, दशरथ साहू, मिलूराम साहू, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू, नरेश साहू, जयराम साहू, सुनील साहू, अनिल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के सामाजिक पदाधिकारी और सामाजिक गण कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस बीच कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोकगायिका आरू साहू द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई।

---

# महाराष्ट्र में भाजपा की जीत जनता की एकजुटता का प्रतीक : भावना

- महाराष्ट्र विस चुनाव व उपचुनाव में मिली भाजपा को ऐतिहासिक जीत जनता की जीत है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शनिवार को महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए



वहीं छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में भी उपचुनाव हुए। एक तरफ महाराष्ट्र में भाजपा व महायुति गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की वहीं झारखंड में भाजपा वोट प्रतिशत के हिसाब से सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन जेएमएम और कांग्रेस के गठबंधन की सरकार ने वहां जीत दर्ज की। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा व महायुति को मिला यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रीय हित में लिए गए निर्णयों के साथ दृढ़तापूर्वक खड़ी है।

यह गौरवपूर्ण विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व व डबल इंजन सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों तथा सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के प्रति नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। झारखंड विधानसभा चुनाव में भी हमने कड़ी मेहनत की लेकिन हमारे अनुरूप परिणाम नही आए परंतु हम जनता द्वारा दिए गए जनादेश को स्वीकार करते हैं। झारखंड की जनता ने हमें वोट प्रतिशत में सबसे बड़ी पार्टी का आशीर्वाद दिया है जिसके लिए कृतज्ञता पूर्वक आभार व्यक्त किया। पार्टी ने मुझे झारखंड में प्रवासी प्रभारी का दायित्व दिया था, जहां जनता ने जमेश पूर्व पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम में भाजपा व एनडीए गठबंधन ने जीत दर्ज की। जनता जनार्दन द्वारा आशीर्वाद व समर्थन प्रदान करने के लिए हृदय से आभार। भाजपा सदैव झारखंड के विकास व रोटी, बेटी और माटी के सम्मान, सुरक्षा व समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

सर्वाधिक वोट प्रतिशत वाली पार्टी एवं एक मजबूत विपक्ष के रूप में हम जनजातीय भाई-बहनों समेत जनता के हित के मुद्दे उठाते रहेंगे। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में भी जनता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा के सुशासन एवं विकास पर अपनी मुहर लगते हुए सुनील सोनी को ऐतिहासिक जीत का आशीर्वाद देकर लगातार 9वीं बार रायपुर दक्षिण विधानसभा में भाजपा का कमल खिलाया है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 9 में से 7 सीटों पर जीत दर्ज की।

मध्यप्रदेश चुनाव में भी भाजपा ने बुधनी में जीत दर्ज की है। वहीं राजस्थान में भी भाजपा ने 7 में से 5 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की। यह जनता के अपार विश्वास से ही संभव हुआ है।

### जनता ने महायुति को प्रचंड जनादेश दिया: विधायक

विधायक ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं के आह्वान पर महाराष्ट्र की जनता ने मुहर लगाते हुए एकजुटता के साथ भाजपा एवं महायुति को प्रचंड जनादेश दिया है। जनता ने तुष्टिकरण एवं परिवारवाद की राजनीति को नकार कर विकासवादी एवं सुशासन की भाजपा सरकार को चुना है। महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के सुशासन मॉडल पर लगातार बढ़ता जा रहा है। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के अपार विश्वास और मोदी की लोकप्रियता का प्रमाण है। इस जीत ने यह साबित किया है कि विकास, स्थिरता और प्रगति के लक्ष्य पर चलने वाली बीजेपी जनता की पहली पसंद बन चुकी है। मोदी मैजिक और बीजेपी का सुशासन मॉडल लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ रहा है। 2025 में बिहार और दिल्ली तथा आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

---

### एकनाथ शिंदे की ऐतिहासिक जीत, महाराष्ट्र में मतदाताओं ने पाप व पुण्य को समझा: शंकराचार्य



**हरिभूमि कवर्धा।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गौभक्त एकनाथ शिन्दे की जीत पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि मतदान से पाप-पुण्य के विचार को महाराष्ट्र की जनता ने समझा व गौभक्त एकनाथ शिन्दे को भारी मतों से विजयी बनाया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने कहा है कि हर हिन्दू को यह समझने की आवश्यकता है कि गौ-हत्या को जारी रखने वाले राजनीतिक दलों और उनके प्रत्याशियों को मतदान करने से गौ-हत्या का पाप मतदाता को भी लगता है। शंकराचार्य ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने गौ-भक्त एकनाथ शिन्दे को भारी मतों से विजयी बनाकर यह साबित किया है कि वे गौ-हत्या के विरोधी हैं और गौरक्षा के समर्थक हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने कहा है कि यह जीत न केवल एकनाथ शिन्दे की जीत है, बल्कि यह गौरक्षा की जीत है यह हिन्दू समाज की जीत है। महाराष्ट्र की जनता ने यह साबित किया है कि वे गौ-हत्या के विरोधी हैं और गौरक्षा के समर्थक हैं। यह एक अच्छा संकेत है और यह देश के लिए एक अच्छा दिन है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने एकनाथ शिन्दे व महाराष्ट्र की जनता को बधाई दी है और कहा है कि यह जीत गौरक्षा के लिए एक अच्छा संदेश है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महायुति को एक ऐतिहासिक विजय मिली है और देश की बहुसंख्यक जनता का भरोसा उनमें परिलक्षित हुआ हैं। यह उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का प्रमाण है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महायुति ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं वे वास्तव में प्रशंसनीय हैं।

---

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का खेल महाकुंभ एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई जिले की अनेक प्रतिभाएं



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा। प्राइवेट स्कूल संगठन द्वारा भव्य खेल महाकुंभ का तीन दिवसी आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के सभी निजी विद्यालय के प्रतिभाएं खेल में सम्मिलित हुए हैं आज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह उपस्थित थें, साथ ही साथ विशिष्ट अतिथि दिनेश साहू, योगदत्त साहू, डॉ पीपी चंद्रवंशी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजा मुख्य अतिथि के हाथों किया गया, तत्पश्चात जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू द्वारा कबड्डी मैदान में दोनों टीमों के साथ मिलकर खेल की शुरूआत किया गया, खेल के इस महाकुंभ में जिले के 70 स्कूलों से 3500 बच्चे भाग लिए वहीं द्वितीय दिवस को इस खेल में प्राथमिक स्तर पर फाइनल मैच माध्यमिक व हाई स्कूल पर सेमीफाइनल मैच किया गया। जिसमें लगभग विभिन्न स्कूलों से 85 खेल शिक्षक व सहयोगी शिक्षा ने अपनी सहभागिता निभाया। प्राइवेट स्कूल संघ जिला अध्यक्ष अश्वनी श्रीवास ने बताया कि यह जिले में होने वाला प्रथम खेल महा कुंभ है जिसे विशाल रूप देने का प्रयास किया गया, यह आयोजन व्यवस्थित वह अनुशासित रूप से किया जा रहा है इस आयोजन में विभिन्न खेल जैसे कबड्डी, खो-खो दौड़, खुर्सी दौड़, रिले रेस, 200 मीटर दौड़, चम्मच दौड़ आदि खेलों का प्रतियोगिता रखा गया है इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले में प्रतिभाओं को तैयार कर जिले का वह राज्य का खेल के क्षेत्र में प्रतिनिधि तैयार करना है खेल एक ऐसा आयोजन होता है जो बच्चों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य मजबूत बनता है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हादसा: कवर्धा के ट्रांसपोर्ट नगर में भीषण सड़क हादसा

# मोटर साइकिलों की भिड़ंत से सड़क पर गिरे बुजुर्ग को ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में बीती रात भीषण सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार एक बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र घायल बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कवर्धा कोतवाली ने मृतक का शव बरामद कर लिया है वहीं मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को कवर्धा नगर के गुरूघासीदास वार्ड निवासी हेमदास गोप अपने पुत्र के साथ किसी काम से मोटर सायकल से कुकदुर गए थे। बताया जाता है कि कामकाज निपटाने के बाद हेमदास अपने पुत्र के साथ मोटर सायकल में पीछे बैठकर वापस कवर्धा लौट रहे थे।

वे अपने कवर्धा स्थित घर पहुंचने ही वाले थे कि नगर के ट्रांसपोर्ट नगर के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटर सायकल से उनकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत के बाद हेमदास का पुत्र सड़क के किनारे गिर गया और हेमदास सड़क के बीचों बीच जा गिरे।

उनके सड़क पर गिरने के बाद वे अपने आपको संभाल पाते इससे पूर्व एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनके पुत्र को मामूली चोट आई है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं आरोपी मोटर सायकल के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अभी तक आरोपी मोटर सायकल चालक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### 20 फीट गहरी खाई में गिरी कार, चार घायल



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया-बजाग मार्ग में स्थित हनुमत खोह में रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के सतना से रविवार की सुबह कुछ लोग कार से दुर्ग लौट रहे थे। इसी दौरान पंडरिया-बजाग मार्ग में स्थित हनुमत खोल के पास मोड़ पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सीधे 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इसकी जानकारी तत्काल एम्बुलेंस तथा कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल में दाखिल कराया है जहां उनका ईलाज जारी है।

### कई टुकड़ो में विभक्त हुआ शव

बताया जाता है कि मोटर सायकलों की भिडंत के बाद सड़क के बीचों बीच गिरे हेमदास गोप के शरीर पर तेज रफ्तार ट्रक के चढ़ने से उनका शव कई टुकड़ों में विभक्त हो गया और सड़क पर बिखर गया। जिसे बड़ी मुश्किल से एकत्र किया जा सका। रविवार का शव का पीएम कराया गया और बाद में शव को परिजनो के हवाले कर दिया गया।

### घटना के बाद ट्रक चालक फरार

बताया जाता है कि जिस ट्रक के नीचे आने से हेमदास की मौत हुई थी उसने मौके पर रूकना भी मुनासिब नहीं समझा और घटना के बाद मौके से फर्राटे भरते हुए आगे निकल गया। बहरहाल पुलिस इस ट्रक चालक की भी पतासाजी कर रही है लेकिन अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जबकि आरोपी मोटर सायकल चालक की पतासाजी की जा चुकी है।

## शहीद नरेन्द्र शर्मा को 53 वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय सेना के दुल्लापुर कवर्धा निवासी शहीद नरेन्द्र शर्मा की पुण्यतिथि पर शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रबेली में उनको सादर नमन करने उनके स्कूल प्रांगण में स्थित प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सादे व गरिमापूर्ण आयोजन में पूर्व सैनिक कल्याण संघ कवर्धा से सेवानिवृत्त हवलदार कृष्णा सिंह धुर्वे, सेवानिवृत्त हवलदार प्रदीप आस्था, सेवानिवृत्त नायक धर्मेंद्र चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त नायक जेके राजपूत, सेवानिवृत्त नायक अब्दुल सईद खान, सेवानिवृत्त नायक राकेश चंदेल, सेवानिवृत्त नायक दिनेश साहू, शहीद परिवार से वीरेन्द्र कुमार शर्मा, संस्था के प्राचार्य केएस साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य रामसिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि दीनू साहू, प्रताप सिंह चंद्रवंशी, स्कूल के समस्त शिक्षक स्टाफ सहित गणमान्यजनों ने श्रद्धांजली अर्पित की।

इससे पूर्व सैनिकों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि शहीद पूरे राष्ट्र के लिए गौरव पुरूष होते हैं। उन्होने मातृभूमि की सेवा करते हुए अपना सर्वस्य न्यौछावर किया है। शहीद के स्मरण मात्र से प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक ऊर्जा, शक्ति प्राप्त होती है एवं नागरिकों को देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा शक्ति शहीद के जीवन से ही प्राप्त होती है। उन्होने कहा कि शहीद नरेन्द्र शर्मा न केवल कवर्धा और छत्तीसगढ़ के बल्कि राष्ट्र के गौरव पुरूष है। उनका योगदान सदैव ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा।

### खबर संक्षेप

#### शिक्षक संघर्ष मोर्चा का पैदल मार्च आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर 25 नवम्बर को नवा रायपुर में पैदल मार्च किया जाएगा। मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि इसमें मोर्चा में शामिल संगठनों के प्रांतीय, जिला व ब्लॉक पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके पहले नवा रायपुर में लोक शिक्षण संचालनालय के गेट नंबर तीन के पास एकत्र होंगे। पैदल मार्च पश्चात मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना कर क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, पूर्ण पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति दूर करने, लंबित डीए आदि से संबंधित मांग रखा जाएगा।

#### भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का किया गया रेस्क्यू

**कवर्धा।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान चलाया।
यह अभियान किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत चलाया गया। अभियान के तहत अम्बेडकर चौक, महामाया मंदिर, जनपद पंचायत के पास चौपाटी, लोहारा नाका, बस स्टैंड और कवर्धा शहर के अन्य स्थानों पर बच्चों की स्थिति का सर्वेक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान दो बच्चों को भिक्षावृत्ति करते पाया। इन्हें रेस्क्यू कर शासकीय बालगृह में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया।

## बचेड़ी से सहसपुर मार्ग और बड़ौदा खुर्द से दैहानडीह मार्ग जर्जर

### क्षेत्र के निवासियों को अवगमन में हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बचेड़ी से सहसपुर जाने वाली सड़क की जर्जर हालत ने स्थानीय ग्रामीणों के जीवन को कठिन बना दिया है। ग्राम सहसपुर में रहने वाले लोगों को अब आवागमन में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गड्ढों की भरमार के कारण वाहन चालकों को न केवल यात्रा में देरी हो रही है, बल्कि सुरक्षा का भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस खस्ताहाल सड़क पर हर दिन निकलना मानो दुर्घटना को न्यौता देने के समान है। वाहन को संभालना मुश्किल हो जाता है, और अगर कोई दुर्घटना हो गई तो हेलमेट भी क्या काम आएगा। ग्रामीणों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस सड़क के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भी मुश्किल हो रही है। बच्चे रोज इस टूटे-फूटे मार्ग से स्कूल जाते हैं, जो उनके लिए खतरनाक साबित हो सकता है, एक स्थानीय अभिभावक ने कहा। इसके अलावा, दैहानडीह से बड़ौदा जाने वाली सड़क की हालत भी लंबे समय से खराब है, लेकिन सरकारी प्रतिनिधियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि उनके मुद्दों को अनदेखा किया जा रहा है, जिससे उनकी दैनिक जीवनशैली प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को सुधारने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इन सड़कों की मरम्मत करवाई जाए। हमारी जीवनरेखा बन चुकी इन सड़कों की मरम्मत न केवल हमारी दैनिक जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि हमारे बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी, ग्रामीणों ने जोर देकर कहा।

### गन्ना कटाई में व्यस्त पंडरिया क्षेत्र के किसान



**कवर्धा।** पंडरिया शक्कर कारखाने में केन पूजा कर गन्ना खरीदी व पेराई शुरू हो गई है। इसे लेकर क्षेत्र के किसान भी गन्ना कटाई में जुट गए हैं। ग्राम कुंडा, माकरी, अतरिया, दामापुर, नवापारा, पेंड्रीकला, सैहामालगी, पटुवा, धौराबंद, कोयलारी कला, कोदवा, निंगापुर, सेमरकोना समेत क्षेत्र के सभी गांवों में इन दिनों धान व गन्ना कटाई साथ-साथ चल रही है। धान व गन्ना कटाई साथ- साथ होने से मजदूर नहीं मिल रहे है। ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीनों से धान कटाई करवा रहे हैं। वहीं गन्ना कटाई के लिए दीगर गांवों से मजदूर आ रहे हैं।

## गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



■ शिविर में की गई 106 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर आज जिले के बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए सभी प्रकार के मरीजों की जानकारी सीएमएचओ डॉ. बीएल राज, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव और बीएमओ डॉ. विवेक चंद्रवंशी ली। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। अगला शिविर 25 नवंबर को चिल्फी में आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में बोड़ला, पोंड़ी, बैजलपुर, राजनवागांव, और तरेगांव जैसे आसपास के गांवों से चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 102 महतारी वाहन के माध्यम से शिविर तक लाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं को शिविर में शामिल कर उनके स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई। शिविर में 106 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई। इसके अलावा, सभी महिलाओं का सीबीसी, ब्लड प्रेशर, वजन, और स्क्रिनिंग जांच भी की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश साहू और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. वी. गोपाल कृष्णा की देखरेख में यह जांच पूरी की गई। शिविर को सफल बनाने में शिवगोपाल सिंह ठाकुर और विकासखंड की पूरी टीम ने भी विशेष योगदान दिया।

### पहले भी आयोजित हुए शिविर

वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहले भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए गए हैं। 19 जुलाई को झलमला, 7 अक्टूबर को तरेगांव, और 8 अक्टूबर को रेंगाखार में शिविरों का आयोजन किया गया। आज बोड़ला में शिविर आयोजित हुआ, जबकि अगला शिविर 25 नवंबर को चिल्फी में आयोजित किया जाएगा।

## श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए अंचल के श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा



श्रीमद् भागवत कथा व्यास पण्डित हेमंत शुक्ला ने बताया कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। बाजगुड़ा के गौटीया स्व झगरु मंडल के बेटे सिंगारपुर के सरपंच चेतन वर्मा के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर आचार्य पंडित हेमंत शुक्ला ने यह बात कही। कथा के पाँचवे दिवस पर वामन अवतार, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। अवतारों के जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास पण्डित हेमंत शुक्ला ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। श्री शुक्ला ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

## महिला स्व सहायता समूहों को मिला 1.59 करोड़ रुपए का लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनपद पंचायत पंडरिया के सामुदायिक भवन में आयोजित बैंक लिंकेज कैंप में महिला स्व सहायता समूहों को व्यवसाय संवर्धन के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपए का लोन दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक आलोक रंजन की उपस्थिति में लोन वितरण किया गया। इस वित्तीय सहायता से महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों को आगे बढ़ाने के लिए सहायता मिलेगी, जिनमें अगरबत्ती निर्माण, मछली पालन, गुड़ उद्योग, किराना दुकान, बकरी पालन, कृषि कार्य, आटा चक्की, मिनी राईस मिल, और मोटर बैंडिंग जैसे कार्य शामिल हैं। कुल 60 महिला समूहों को इस शिविर में ऋण राशि प्रदान की गई। पहले डोज में 34 समूहों को 51 लाख रुपए, दूसरे डोज में 16 समूहों को 48 लाख रुपए और तीसरे डोज में 10 समूहों को 10 लाख रुपए का लोन दिया गया।

संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान डॉ. सियाराम साहू ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## कवर्धा नगर में नवोदित मानस व्याख्यान संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश तुलसी मानस प्रतिष्ठान के निर्देश पर जिला स्तरीय नवोदित मानस व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन गत 23 नवम्बर को दानवीर भामाशाह परिसर कवर्धा स्थित सर्वेश्वर महादेव प्रांगण में संपन्न हुआ। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष शीतल साहू ने बताया कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान का यह अनुठा और विशिष्ट प्रकार के विचार धारा के तारतम्य में कवर्धा जिला में पहली बार भक्ति एवं ज्ञानभाव से ओतप्रोत नवोदित मानस व्याख्यान का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सियाराम साहू संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अगुवाई में प्रारंभ किया गया। जहां जिले के अनेक ग्रामों से नवोदित अर्थात मानस चरित्र से जुड़े बालक बालिकाओं का प्रतिभागी के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के निर्णनायक मंडल के प्रमुख अंजू गोस्वामी रायपुर ने किया। प्रदेश से लल्लूराम वर्मा सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर के आस पास राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन तथा उद्देश्य को सारगर्भित रूप में किया जाएगा। मानस के रामनाम मनि दीप धरू जीह देवरी द्वार तुलसी भीतर बहिरौ जो चाहसि उजियार से प्रारंभ किया। जिसमें प्रमुख रूप नवोदित व्याख्या में प्रथम वक्ता बिमलेश्वरी साहू कोलेगांव, विसर्जन निर्मलकर बाहरमुडा, भीषम सिंह कौशिक खैरझिटी, मनोज राजपूत कोसमंदा, विजय चंद्रवंशी सांरगपुर, खिलेश साहू रक्से, श्रीमती मीना साहू रक्से, श्रीमती भुवनेश्वरी साहू रक्से, महेन्द्र साहू रक्से, पवन नेताम सिल्हाटी, कुमकुम पाण्डेय हथलेवा, दीपेन्द्र चंद्रवंशी छाँटा, पंडित किशन पाठक पाण्डातराई, पंडित अक्षत तिवारी पांडातराई, रमेश साहू सोनझरी, मनहरण दास मानिकपुरी भाटकुण्डेरा, फागुराम निर्मलकर नवागांव, लखन साहू धनेली, सुनील चंद्रवंशी पालीगुडा, रेणुका साहू रणजीतपुर, जसवंत साहू गांगीबहरा, ध्रुव पारकर बनिया, नोहर अचानकपुर, अंतिम वक्ता लोकनाथ ने उपस्थित होकर मानस के विभिन्न कांड के दोहा और चौपाई के माध्यम से अपनी व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन रामदत्त साहू तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था भीमराम साहू ने किया। कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियो में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर होने वाले संगोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत एक रहेंगे, सेफ रहेंगे पर जनता की मुहर: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड, अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत पीएम मोदी के श्लोगन एक रहेंगे, सेफ रहेंगे' पर जनता की मुहर है। यह राम और राष्ट्र के अराधक पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर नए महाराष्ट्र के विश्वास की मुहर है। यह छत्रपति शिवाजी के आदर्शों की विजय है। बाबा साहेब का अपमान करने वालों की पराजय है। बीजेपी महायुति गठबंधन की सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट को जितनी सीटें मिली हैं, इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर भी उतनी सीटें नहीं मिली।भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश एक जुट होकर खड़ा है। यह गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, वृद्ध, शोषित व वंचित की आशा-आकांक्षा पर जनता जनार्दन की विजय का प्रतीक है। यह तुष्टिकरण और साम्प्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देखने वालों की पराजय है। आज बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं के संकल्प की सिद्धि हुई है। चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि ये जीत पीएम मोदी के नेतृत्व पर जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है। जनता को अटूट विश्वास है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उनकी नीतियां, उनके निर्णय देश और समाज के अनुकूल हैं। इस अनुकूलता पर जनता ने मुहर लगाई है। इस सम्पूर्ण विजय के लिए भाजपा के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ डबल इंजन की सरकार की उपब्धियों को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया, उन सभी को हृदय से बधाई।